# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

**E-Mail Id-**eecdjnsonebhadra@gmail.com **CUG Mobile No.-** +91 9473941817


पत्रांक 920 / W-16 / 92 दिनांक– 20.05.2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 19 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक "म्योरपुर के 54 गांवों में पेयजल संकटः 90 प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन, फिर भी टैंकर से पानी" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 19 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक **"म्योरपुर के 54 गांवों में पेयजल संकटः 90 प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन, फिर भी टैंकर से पानी"** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के संदर्भ में सादर अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड म्योपुर, बभनी एवं दुद्धी में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत झीलो बीजपुर ग्राम सूमह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेंसर्स जी0वी0पी0आर0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित 171 ग्रामों में पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित ग्रामों में पाइप लाइन एवं गृह संयोजनों के लगभग कार्य पूर्ण करा लिये गये है एवं पाइप लाइन टेस्टिंग, गैप्स क्लोजिंग आदि के कार्य कराये जा रहे है। प्रस्तावित ग्रामों के सापेक्ष फर्म द्वारा 136 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही थी, परन्तु गत् दिनों आंधी तूफान आने के कारण विद्युत पोल एवं तार क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जलापूर्ति बाधित हो गयी है। क्षतिग्रस्त विद्युत पोल एवं तारों का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है तथा योजनान्तर्गत 73 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। शेष ग्रामो में पेयजल पहुंचाने हेतु विद्युत पोल एवं तार के मरम्मत का कार्य विद्युत विभाग द्वारा कराया जा रहा है। योजना के शेष कार्य प्रगति पर है, जिनको माह अगस्त 2026 तक पूर्ण कर योजना से आच्छादित शतप्रतिशत ग्रामों में जलापूर्ति किया जाना सम्भावित है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नकः– फोटोग्राफ्स

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

# म्योरपुर के 54 गांवों में पेयजल संकट: 90% घरों में नल कनेक्शन, फिर भी टैंकर से पानी

अजीत कुमार | म्योरपुर(सोनभद्र), सोनभद्र
1 दिन पहले



फीडबैक दें

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

पेयजल संकट गहरा गया है। 'हर घर नल जल' योजना के तहत करीब 90 प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन होने के बावजूद लोगों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऊर्जांचल क्षेत्र में एनटीपीसी, यूपी थर्मल पावर और लैंको जैसे निजी उद्योगों द्वारा लगभग 12 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन के बावजूद यह स्थिति बनी हुई है। कई पंचायतों में टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

जल जीवन मिशन से जुड़ी कंपनी के प्रबंधक प्रहलाद कुमार ने बताया कि हाल के दिनों में खराब मौसम और आंधी-तूफान के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। इस व्यवधान के कारण जलापूर्ति प्रभावित हुई। उन्होंने स्वीकार किया कि बिजली आपूर्ति में बाधा का सीधा असर पानी की सप्लाई पर पड़ता है।

प्रहलाद कुमार के अनुसार, सोमवार से पानी की आपूर्ति फिर से सुचारु कर दी गई है। उन्होंने दावा किया कि यदि बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होती है, तो सभी गांवों में नियमित रूप से पानी पहुंचाया जा रहा है।

इस बीच, एडीओ पंचायत अजय कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई और निर्देश दिए गए कि हर हाल में लोगों तक पानी पहुंचाया जाए।

अजय कुमार सिंह ने यह भी बताया कि ब्लॉक स्तर पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, सचिवों, पंचायत सहायकों, रोजगार सेवकों और ग्राम प्रधानों से लगातार जलापूर्ति की रिपोर्ट मांगी जा रही है। सभी संबंधित व्यक्तियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।

फीडबैक दें

आज का राशिफल मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- अगर प्रॉपर्टी अथवा वाहन की खरीद-फरोख्त संबंधी कोई योजना बन रही है, तो आज उससे संबंधित कार्य हो सकता है। मेहनत करते रहें, क्योंकि उचित परिणाम हासिल करने के लिए कर्म प्रधान होना पड़ेगा। बच्चों ...

और पढ़ें

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap | Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy |